दिन–गुरुवार   दिनांक– 31/07/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।   अवधि – 05 मिनट

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही आज विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के कारण दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होते ही बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों ने जोरदार हंगामा और नारेबाजी की। हंगामे के कारण प्रश्नकाल की कार्यवाही भी प्रभावित हुई। गतिरोध जारी रहने पर कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इधर, लोकसभा में भी कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने बिहार में एसआईआर के मुद्दे को लेकर जोरदार हंगामा किया, जिसके कारण भोजनावकाश से पहले ही प्रश्नकाल और शून्यकाल की कार्यवाही पूरी तरह प्रभावित रही। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों के विरोध प्रदर्शन के बीच कार्यवाही दो बजे तक स्थगित कर दी।

———————————————

इधर, राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य सूचारु रूप से चल रहा है। अभियान के दूसरे चरण के तहत कल प्रारूप निर्वाचन सूची का प्रकाशन किया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मतदाता और राजनीतिक दल इस सूची पर एक सितम्बर तक दावा आपत्ति कर सकते हैं। आयोग ने कहा है कि दावा आपत्ति के निष्पादन के लिए सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालय तथा शहरी निकाय कार्यालयों में दो अगस्त से एक सितम्बर तक विशेष कैंप लगाए जायेंगे। ये कैंप सप्ताह के सातों दिन पूर्वाह्न दस बजे से अपराह्न पांच बजे तक संचालित होंगे।

———————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मुजफ्फरपुर के भगवानपुर चौक पर आयोजित कार्यक्रम में जिले में कई विकास योजनाओं की नींव रखी। श्री कुमार ने छह सौ पचास करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली सात बड़ी परियोजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास किया। इनमें शिवहर–मीणापुर–कांटी सड़क समेत कई पुल–पुलियों का

निर्माण शामिल है। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

——————————————————

राष्ट्रीय जाँच एजेंसी–एनआईए की मुंबई स्थित एक विशेष अदालत ने दो हजार आठ के मालेगांव विस्फोट मामले में पूर्व सांसद प्रज्ञा ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। विस्फोट की यह घटना उनतीस सितंबर दो हजार आठ को नासिक के मालेगांव शहर में घटी थी। इस घटना में छह लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए थे।

——————————————————

प्रदेश के अधिकतर भागों में मानसूनी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान गयाजी जिले के डोभी में सबसे अधिक नब्बे दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गयी। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गयाजी, नवादा, जमुई और बांका जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। वहीं, कटिहार, भागलपुर, मुंगेर और खगड़िया समेत राज्य के दक्षिण–पूर्वी और उत्तरी भागों में कुछ स्थानों पर आंधी–पानी की आशंका है। इस दौरान कई स्थानों पर वज्रपात हो सकता है।

——————————————————

प्रदेश की नदियों के जलग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश के कारण गंगा, गंडक, कोसी और महानंदा समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज की गयी है। केंद्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर से मुंगेर तक बढ़ा है। पटना के गांधी घाट और हाथीदह में नदी का जलस्तर खतरे के निशान के बिल्कुल करीब पहुंच गया है। इधर, गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरिया घाट में चेतावनी स्तर से आधा मीटर ऊपर दर्ज किया गया। बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खगड़िया में लाल निशान के अत्यंत करीब पहुंच गया है। वहीं, कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में खतरे के निशान से करीब डेढ़ मीटर ऊपर बना हुआ है।

——————————————————

अररिया जिले के कुर्साकांटा के सोनमनी गोदाम थाना क्षेत्र के बटराहा गांव में तालाब में डूबने से तीन बच्चियों की मौत हो गयी।

————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले में नरकटियागंज के भैरोगंज थना क्षेत्र अंतर्गत बहुअरवा खुर्द गांव में मेला देखने गए बच्चियों के साथ छेड़—छाड़ करने और उन्हें अगवा करने के प्रयास के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

————————————————————

शेखपुरा जिले का बत्तीसवां स्थापना दिवस आज समारोहपूर्वक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी आरिफ अहसन के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गयी।

————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।